FORM N0. III

फर्द अहकाम

(नियम–26)

अज अदालत संभागीय आयुक्त मुकाम अजमेर

द्रोपदी सिंघल बनाम सरकार जरिये तह0 अजमेर व अन्य

किस्म मुकदमा/अपील/एलआर–75/नं0/**2025/270** जिला अजमेर

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपी0 अधि0 : – श्री अजीतसिंह राठौड	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
29.09.2025	पत्रावली बाद जॉच पेश हुई। अपील **Subject to Limitation** दर्ज रजिस्टर की जावे। अधिनस्थ न्यायालय का रेकार्ड तलब हो तथा रेस्पोडेन्टस को सुनवाई हेतु नोटिस जारी हों। पत्रावली दिनांक 10.11.2025 को पेश हो। संभागीय आयुक्त अजमेर	7044 7045 15-10-25
29-10-25	अपीलार्थी के अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र वास्ते पत्रावली को आज ही तलब कर उक्त अपील को विड्रो किये जाने के आधार पर पत्रावली आज पेश हुई। पत्रावली दिनांक 10.11.2025 को नियत है। प्रार्थना पत्र मे अंकित तथ्यो के अनुसार अपील मे मुर्तिब पक्षकारो के मध्य बुर्जुग व्यक्तियो के द्वारा समझाने पर एवं उक्त अपील के विड्रो किये जाने के पश्चात, लगने वाले राजस्व केम्प मे अपील मे मुर्तिब पक्षकार उपस्थित होकर विवादित आराजीयात का दुरस्ती इन्द्राज प्रार्थीया के पक्ष मे करवा देंगे। उन्होंने अपने कथनों में आगे निवेदन किया कि यदि अपील मे मुर्तिब अप्रार्थीगण पक्षकार अपनी शर्त से मुकर जाते है तो उक्त अपील को पुनः नम्बर पर लिये जाने का अधिकार सुरक्षित रखते हुए उक्त अपील को इसी स्तर पर विड्रो किये जाने का निवेदन किया है। प्रार्थीगण/अपीलान्ट के निवेदन पर उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अपील को विड्रो किये जाने का स्वीकार किया जाता है तथा अपील इसी स्तर पर विड्रो कर निस्तारित की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। संभागीय आयुक्त अजमेर	द्रोपदी सिंघल Identified By [illegible] 29/10/2025